तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 परपोड़ा स्कूल की 24 छात्राओं को मिली साइकिल



10 वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 6 गिरफ्तार...



# अब बारिश में पॉलीथिन तानकर नहीं करना पड़ेगा अंतिम संस्कार, बनेगा मुक्तिधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विधानसभा एवं बेमेतरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चमारी के ग्रामीणों को अब बारिश के दौरान तिरपाल के सहारे अपने मृत परिजनों का अंतिम संस्कार नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों को मुक्तिधाम के अभाव में अंतिम संस्कार के लिए होने वाली परेशानियों को देखते हुए हरिभूमि ने खबर का प्रकाशन कर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया था। वहीं, खबर प्रकाशन के बाद स्वयं

- हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने तत्काल लिया संज्ञान

## कलेक्टर ने ग्राम चमारी में मुक्तिधाम निर्माण के लिए स्वीकृत किए 5.70 लाख



### तिरपाल के सहारे करना पड़ रहा दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ विधानसभा एवं बेमेतरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चमारी से बड़ा ही गंभीर मामला सामने आया है। मुक्तिधाम की सुविधा नहीं होने के कारण यहां के स्थानीय ग्रामीणों को बरसात के मौसम में बरसते पानी के बीच पॉलीथिन या अन्य सामानों का सहारा लेकर शवों का दाह संस्कार करना पड़ रहा है।

- बेमेतरा विकासखंड के ग्राम चमारी स्थित मुक्तिधाम में बड़ी समस्या

उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा गाँव की मूलभूत सुविधाओं के लिए हर साल बड़ी बड़ी राशि पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाती है। किंतु, जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों की मनमानी के कारण आज भी जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरदईहा के सहायक ग्राम चमारी में मुक्तिधाम के बिना अव्यवस्थाओं के बीच परिजनों को अंतिम संस्कार के क्रियाकलापों को पूरा करना पड़ रहा है। विगत दिनों जब गांव के एक ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक से लगाई गुहार

ग्राम पंचायत के बोईरदइहा के सरपंच अरविंद कुर्रे का कहना है, कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव को ग्राम सभा से स्वीकृति लेकर जनपद में दिया गया था। पिछले वर्ष इस समस्या के निराकरण के लिए पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे को लेकर पत्र दिया गया था। किन्तु, अभी तक इसका हल नहीं होने के कारण समस्या आज भी बरकरार है। वहीं, गाँव के एक ग्रामीण का कहना है कि इस मसले को कलेक्टर कार्यालय को अवगत करा दिया गया है, जिसमें जल्द ही व्यवस्था कराने की बात कही है।

### पॉलीथिन के नीचे होता है दाह संस्कार, अब दूर होगी समस्या

बता दें कि यहां के ग्रामीणों को बरसते पानी में पॉलीथिन या अन्य अस्थायी साधनों का उपयोग करके शवों का दाह संस्कार करना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह बारिश के बीच पॉलीथिन से चिता को ढककर दाह संस्कार किए जाने की जानकारी मिलने पर हरिभूमि ने इसका फोटो के साथ इस संबंध में खबर का प्रकाशन कर इस गंभीर समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं, खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर के इस त्वरित एवं संवेदनशील निर्णय से श्मशान घाट के निर्माण से न केवल ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा बल्कि उन्हें सम्मानजनक तरीके से अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करने में सुविधा होगी। अब वे बिना किसी असुविधा के अपने परिजनों को अंतिम विदाई दे सकेंगे।

कलेक्टर ने इस मामले में संवेदनशीलता दिखाई और 5 लाख 70 हजार रूपए स्वीकत कर दिए। इस राशि से मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा, जिससे यहां के ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि खुले आसमान के नीचे अपने मृत परिजन का अंतिम संस्कार किए जाने की समस्या पर हरिभूमि ने प्रमुखता से बीते 29 जुलाई के बेमेतरा अंक में खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद ग्रामीणों की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर रणवीर शर्मा ने मुक्तिधाम से वंचित चमारी गाँव में मुक्तिधाम निर्माण के लिए 5 लाख 70 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

### ग्रामवासियों में हर्ष

अब गाँव की मूलभूत सुविधा की घोषणा हो जाने से ग्रामवासियों में काफी हर्ष व उत्साह व्याप्त है। जलि प्रशासन के अनुसार चमारी गाँव के ग्रामीणों को अब बरसात के मौसम में शवों का दाह संस्कार करने में हो रही कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्राम चमारी में मुक्तिधाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तत्काल कार्रवाई की है। ग्राम चमारी में मुक्तिधाम की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

## खबर संक्षेप

### अष्ठ धातु से बनाई जाएगी भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा

**बेमेतरा/नवागढ़।** प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव समाज का वर्चुअल बैठक गूगलमीट से आयोजित की गई। बैठक में प्रतिवर्षानुसार श्री कृष्ण जन्मोत्सव सप्ताह मनाने का निर्णय किया गया। इस बैठक में नवागढ़ इकाई के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव ने अष्ट धातु मूर्ति निर्माण के लिए विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यादव समाज की स्थापना के 2026 में सौ वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। शताब्दी वर्ष पर श्री कृष्ण भगवान की अष्ठ धातु से निर्मित मूर्ति का निर्माण किया जायेगा। जिसमें समस्त स्वजातीय जनों के सहयोग समर्पण से मूर्ति का निर्माण किया जायेगा। धातु व राशि दान स्वैच्छिक है।अपने समर्थ अनुसार दान कर सकते हैं। उक्त जानकारी रविनारायण यदु प्रदेश उपाध्यक्ष ने दी है।

### जिले में अब तक 344.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 31 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8 बजे तक 344.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 467.2 मि.मी. तथा न्यूनतम 244.2 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 379.1 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 295.4 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 307.3 मि.मी., देवकर तहसील में 390.5 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 310.5 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 248.3 मि.मी. एवं साजा तहसील में 461 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### श्री युगल सरकार का फूल बंगला एवं झूलन विश्राम आज

**साजा।** श्री राम हर्षण कुंज साजा में श्री जानकी जीवन लाल जू का झूलन महोत्सव विगत 8दिनों से दिव्य दर्शन एवं आनंद के साथ हो रहा है। 1 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे से फूल बंगला, झूलन का विश्राम एवं श्री युगल सरकार के कलेवा का दिव्य दर्शन तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### तहसील पेंशनर समाज अर्जुन्दा की बैठक 3 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** तहसील पेंशनर समाज अर्जुन्दा की बैठक 3 अगस्त को संकुल केंद्र भवन अर्जुंदा में दोपहर 12 रखी गई है। सचिव सीएल देवांगन ने बताया कि बैठक में जिला स्तरीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी के साथ सदस्यता की जानकारी एवं आए व्यय की जानकारी दी जाएगी।

### किसान के मकान का ताला टूटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** किसान के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305,331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। बोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम-दनिया निवासी ठाकुर प्रसाद खेती किसानी का काम करता है। 29 जुलाई की सुबह परिवार खेत में काम करने गए हुए थे। घर लौटकर आने पर कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला।

## अनदेखी : पास स्थित स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

# मनियारी में पशु चिकित्सालय का पुराना भवन जर्जर, मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अंचल में आने वाले ग्राम मनियारी में जर्जर पशु चिकित्सालय भवन का एक मामला सामने आ रहा है। लगभग 35 से 40 वर्षों पुराने निर्माण भवन आज खस्ताहाल एवं जर्जर होने से दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दीवारें में कई जगह दरारें हैं, तो कई जगहों के पत्थर गिर रहे हैं।

विगत दिनों से परिक्षेत्र में लगातार बारिश होने के बाद अब दीवार के पत्थर गिरने लगे हैं। इससे आये दिन बड़ी दुर्घटनाओं का भय शाला परिवार को बना रहता है। जर्जर होने के कारण कई प्रकार की जहरीले कीड़े-मकोड़े विद्यमान है। जहां से सांप व बिच्छू जैसे जहरीले जीव निकलने लगे हैं, जिनका खतरा हमेशा मंडराते रहते हैं। बता दें कि पशु चिकित्सालय कार्यालय का छप्पर खपरैल और लकड़ियों से बने हुए थे वह पुराने होने के चलते ध्वस्त होकर नीचे गिर गए हैं, जिनका खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है। जिनके बाद भी आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।



### जर्जर भवन को गिराने नहीं की जा रही पहल

मनियारी में जर्जर पशु चिकित्सालय को डिस्मेंटल करवाने के संबंध में सूचना जारी की गई थी, लेकिन इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। इस जर्जर भवन को गिराने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत हो रहे है कि ग्रामीण व शाला के विद्यार्थियों को खतरे में छोड़ देने का काम कर रहे है। वहीं, ग्राम मनियारी के पालक व शाला परिसर के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है। इस संबंध में पशु जिला चिकित्सालय बेमेतरा राजेन्द्र भगत एवं जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# बाढ़ से जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए करें खास इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में ख़ासकर मानसून के चलते हो रही बारिश के कारण पानी में डूबने की घटनाओं से हो रही हानि की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए रोकथाम के सुझाव दिए गए हैं। इसी कड़ी में, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से नदी, नालों और तालाबों से लगे हुए गावों में पर्याप्त मात्रा में लाइफ़ जैकेट, नाव/ वोट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

- कलेक्टर शर्मा ने ज़िले के अधिकारियों को जारी किया पत्र

कलेक्टर द्वारा जारी पत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नायब तहसीलदार, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद और जिले के सभी नगरीय निकाय अधिकारियों को शामिल किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जिले में जलस्त्रोतों के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जलस्त्रोतों के पास लाइफ जैकेट, नाव और वोट जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। साथ ही, इन क्षेत्रों में जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जलस्त्रोतों के पास सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करें। जनसामान्य को जलस्त्रोतों में डूबने से बचाने के लिए इन उपायों का कड़ाई से पालन किया जाए। इन निर्देशों का उद्देश्य जिले में जलस्त्रोतों में डूबने से होने वाली घटनाओं को रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों को समय-समय पर इन व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार सुधार करने के लिए भी कहा गया है।

# जिपं सदस्य प्रज्ञा ने निभाया अपना वादा ग्राम पंचायत आन्दू को दी टैंकर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव के दौरान आन्दू पंचायत के आश्रित ग्राम घटोली के ग्रामीणों ने मतदान केंद्र में ताला लगाकर चुनाव बहिष्कार की ऐलान यह कहते हुए किया था कि जब तक पीने का पानी नहीं तो वोट नहीं, और उस दौरान जिले के सभी आला अधिकारियों, मीडिया कर्मियों और राजनैतिक दलों के लोगो का जमावड़ा दोपहर तक ग्रामीणों को मतदान न रोकने के लिए समझाते बुझाते रहे। वहीं, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने महिलाओं को पानी की समस्या से जल्द ही निजात दिलाने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद दोपहर के बाद मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो पाई थी। वहीं, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने दिए आश्वासन को अमली जामा पहना दिया है। उन्होंने आन्दू, घटोली और बिरमपुर में पेयजल की समस्या से जूझ रही महिलाओं को राहत दिलाते हुए पानी का टैंकर प्रदान किया है। उन्होंने 15 वें वित्त की राशि से टैंकर की व्यवस्था की है। वहीं, उनकी इस पहल पर महिलाओं के साथ सरपंच संजय जोशी सहित पंचों ने आभार व्यक्त किया है।

- आंदू के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का किया था बहिष्कार
- ग्रामीणों को मतदान के लिए तैयार करने किया था समस्या के निराकरण का वादा



### जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट में किया जाएगा शामिल

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि उनकी स्थानीय विधायक और खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से चर्चा हुई है। पीएचई विभाग के अधिकारियों को भी मंत्री ने जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट में ग्राम पंचायत को जोड़कर समस्या का त्वरित निदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पानी के टैंकर पूरे बारह महीने किसी भी मुहल्ले में जल संकट आने पर एक समाधान के तौर पर है। साथ ही साथ 2-3 किलोमीटर से युवा और युवतियां बाइक और सायकल से पानी लेने जाते थे, इससे उन्हें राहत मिलेगी।

# एससीईआरटी रायपुर की टीम ने किया बालवाड़ी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला कंडरका विकासखंड बेरला के विभिन्न बालवाड़ी केंद्र में एससीईआरटी, राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रायपुर से मधु दानी और यूनिसेफ से गार्गी मैडम ने बालवाड़ी केंद्रों का अवलोकन किया। मधु दानी ने बताया कि बालवाड़ी में 6 बच्चे हैं और कक्षा 1 में 33 बच्चे। बालवाड़ी और कक्षा एक के बच्चे साथ ही बैठते हैं। ढाई घंटे ही बालवाड़ी लगती है बच्चे सक्रियता से गतिविधि कर रहे थे। बच्चों से बातचीत की गई और बच्चों ने उचित जवाब भी दिए। कक्षा पहली में 5 बच्चे विशेष आवश्यकता वाले प्राप्त हुए, जिनके संदर्भ में दानी मैडम ने बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू से फोन के द्वारा बातचीत किया। बीआरपी के द्वारा विजिट करने तथा सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के शिक्षण एवं स्वावलंबन के लिए लेसन शिक्षक की बात कही। मधु दानी मैडम ने बालवाड़ी शिक्षिका रागिनी शर्मा मैडम को बच्चों के समग्र विकास हेतु सतत प्रयास करने और बच्चों को उनकी गति के अनुरूप सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए कहा।

- बच्चों से बातचीत कर परखी सक्रियता



इस तरह से राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद एवं यूनिसेफ से आई ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पर्यावरण प्रदूषण कम करने बारगांव की महिलाओं ने की पहल

# डिस्पोजल की जगह स्टील के बर्तनों का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगने से पहले ही बारगांव की भाठापारा की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बिरेन्द्र साहू के नेतृत्व में बेहतर काम कर रही हैं।

- बनाया बर्तन बैंक, सामूहिक कार्यक्रमों के लिए नि:शुल्क करा रहीं उपलब्ध

पिछले दिनों मुख्य लोको निरीक्षक टोमन लाल तरार ने भाठापारा की महिलाओं से मुलाकात कर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी थी। उनसे से प्रेरित होकर भाठापारा की महिलाओं ने बिरेन्द्र साहू के नेतृत्व में अभिनव पहल की शुरुआत की है। गांव के लोगों को प्लास्टिक व थर्मोकोल की प्लेट व गिलास की जगह स्टील के बर्तनों का प्रयोग करने के लिए समिति की महिलाएं प्रेरित कर रही हैं। इसके लिए भाठापारा की महिलाओं ने बर्तन बैंक खोला है। बर्तन बैंक में 100 गिलास, 100 कटोरी, 150 थाली, 10 जग व चम्मच आदि का सेट है। सामूहिक कार्यक्रमों जैसे शादी, दशगात्र, जन्मोत्सव आदि में समिति की ओर से ये बर्तन निशुल्क प्रयोग करने के लिए दिए जाते हैं, ताकि लोग थर्मोकोल व प्लास्टिक की प्लेट व गिलास का प्रयोग ना करें और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। अब तक 20 स्थानों पर हुए सामूहिक कार्यक्रमों जैसे शादी, दशगात्र, जन्मोत्सव आदि में ये बर्तन भेजे जा चुके हैं। 20 हजार से ज्यादा थर्मोकोल की प्लेट व गिलास के प्रयोग होने से बचाकर समिति ने पर्यावरण को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान अगर कोई बर्तन गुम या टूट जाता है तो संबंधित को इसका भुगतान करना पड़ेगा। समिति चाहती है कि बर्तनों के सेट की संख्या एक हजार तक ले जाई जाए, ताकि गांव में एक दिन में एक से ज्यादा कार्यक्रम होने की स्थिति में भी सभी लोगों के यहां बर्तनों की आपूर्ति की जा सके। इससे डिस्पोजल बर्तनों का कम से कम प्रयोग होगा।



### स्टील व मिट्टी के बर्तनों का करें प्रयोग : बिरेन्द्र

समिति के प्रमुख बिरेन्द्र साहू ने बताया कि लोग अपने घर के कार्यक्रमों में प्लास्टिक व थर्मोकाल से बने कप, प्लेट व गिलास की जगह स्टील व मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग करें। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि इन स्टील के बर्तनों का उपयोग करके प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है और खर्चे में कमी भी की जा सकती है। समिति में द्रोपती देवांगन, ललिता यादव, राज नंदनी साहू, उर्मिला यादव, रितु सेन, लीला सेन, सोनम यादव, सुनीता मानिकपुरी व फेकन साहू प्रमुख हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### पति ने पत्नी को कार से कुचलने की किया प्रयास

**भिलाई।** अपनी पत्नी को कार से कूचलने का मामला सामने आया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार की शाम सेक्टर 4 कौ क्रास स्ट्रीट की है। सेक्टर 4 निवासी रजत प्रताप सिंह गोदावरी स्टील में इंजीनियर है। सेक्टर 5 में रहने वाली प्रियंका सिंह के साथ रजत प्रताप का विवाह 7 जून 2023 को हुई थी। रजत ने सोमवार शाम की सेक्टर 9 अस्पताल से अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ आटो से सेक्टर 5 लौटते प्रियंका सिंह को जबरदस्ती अपनी कार में बिठाया। कार में विवाद के आरोप है कि रजत ने दरवाजा खोलकर उसे बाहर धक्का दिया। आरोप है कि रजत ने प्रियंका को कार से कुचलने की कोशिश की। जिसका वीडियो लगातार वायरल हो रहा है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर, मवेशियों की धरपकड़

**रायपुर।** राजधानी में वर्षा जल संरक्षण के प्रति आम जनता को जागरूक करने नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्रीन आर्मी आफ रायपुर और जियो हाइड्रो लाजिस्ट की टीम को कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस कार्य में जन सहभागिता बढ़ाने और भूजल स्तर में आ रही गिरावट को रोकने लोगों से अपील की गई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि अधिक से अधिक रैन वॉटर हार्वेस्टिंग पीट बनाकर शहर का जलस्तर सुधारने में सहभागी बनेंगे। जोन 8 राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर मुख्य मार्ग पर 18 मवेशियों को पकड़कर काउकेचर से गौठान भेजा। साथ ही 2 पशुपालक पर गंदगी फैलाने पर 1 हजार रुपये जुर्माना किया।

### पलौद में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, 104 आवेदनों का निराकरण



**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलौद में मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दो सौ से ज्यादा ग्रामीण अपनी समस्या व शिकायत से संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। इनमें से 104 ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस योजना समेत विभिन्न प्रकार के आवेदन आए थे। शिविर में विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।शिविर के दौरान हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का भी वितरण किया गया।

### करिश्मा सोसाइटी में लगाए 200 से अधिक पौधे




**रायपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीआईपी करिश्मा रेसिडेंट सोसाइटी में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू और विश्वदिनी पांडेय ने पौधे लगाए। परिसर में लगभग 200 पौधे रोपित किए गए। इसी दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने विधायक श्री साहू का शॉल से सम्मान किया। इस अवसर पर रामधारी जैन, कमल गोलछा, रजिंदर शर्मा, संजय वर्मा, प्रखर गोलछा, राजीव गुप्ता, एसएस शर्मा, जयेश भाई, संदीप मित्तल, हरदीप पाल, मंजीत सिक्का, डोमन डहरिया, मोहन वर्मा, उषा गुप्ता, आरती अग्रवाल, नीता गुप्ता, रुचि सिंह, शकील साजिद, इंदर पाल, बीना शमा, दिपाली अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# कोर्ट मैरिज का क्रेज बढ़ा, कलेक्टोरेट कोर्ट में हुए आधा दर्जन विवाह

## फिजूलखर्ची से बचत, शोर-शराबा, मेहमानों का झंझट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर जहां लोग शादी-ब्याह में होटल-मैरिज पैलेस की बुकिंग, बारात, बैंड-बाजा, रिसेप्शन समारोह सहित कई चीजों में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, वहीं दूसरी ओर शादी में होने वाले खर्च को फिजूल मानने वाले ऐसे भी कई जोड़े हैं, जो कलेक्टोरेट कोर्ट में सरलता व सादगी से शादी करना पसंद कर रहे हैं। इससे न केवल शादी-ब्याह के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची से बच रहे हैं, बल्कि इससे नवविवाहिता जोड़े की बचत भी हो रही है। यह बचत राशि जोड़े को अपनी गृहस्थी चलाने में मददगार भी साबित होगी। रायपुर कलेक्टोरेट कोर्ट में मंगलवार को आधा दर्जन जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के दौरान इन जोड़ों के साथ उनके परिवार के लोग भी पहुंचे थे। इन जोड़ों में एक जोड़ा कृष्णा हिआल और संतोषी बाघ का भी था। इस जोड़े की ओर से अधिवक्ता भगवानू नायक एवं उर्वशी घोष भी उपस्थित थे।

अलग खबर



अधिवक्ता श्री नायक ने बताया कि शादी-ब्याह में होने वाले फिजूल खर्च के साथ शोर-शराब से बचने के लिए अब कोर्ट मैरिज की संख्या बढ़ी है। कोर्ट मैरिज से फिजूल के खर्च से बचत होती है, साथ ही शोर-शराबा, मेहमानों की पसंद-नापसंद का ख्याल रखना, दहेज के झंझट आदि से भी मुक्ति मिल जाती है। कोर्ट में वर-वधू दोनों की तरफ से कुछ रिश्तेदार और परिचित लोगों की उपस्थिति में सादगी से विवाह संपन्न हो जाता है।

### लीगल मैरिज से अनेक फायदे

*अधिवक्ता श्री नायक ने बताया, कोर्ट मैरिज एक लीगल मैरिज है, जिसके अनेक फायदे हैं। कोर्ट मैरिज के पहले विवाह अधिकारी कार्यालय वर-वधू के जन्म, निवास आदि दस्तावेजों का परीक्षण करता है। अखबार में प्रकाशन कर आपत्तियां मंगाई जाती हैं और गवाहों की उपस्थिति में विवाह अधिकारी विवाह संपन्न कराते हैं।*

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 6 गिरफ्तार, 22 गाड़ियां बरामद

*वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी की 22 गाड़ियां एवं एक वाहन का इंजन बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 16 लाख आंकी गई है। गिरोह के सदस्य प्रोफेशनल तरीके से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वाहन की पहचान छिपाने के लिए उसका नंबर प्लेट व रंग बदलने से लेकर मोडिफाइड करने के बाद बेच दिया करते थे। यही कारण है कि पिछले कई महीने से इस क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातें होने के बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहे थे, लेकिन सोमवार को गिरोह के दो सदस्यों को चोरी के वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य भी गिरफ्तार किए गए।

एएसपी लखन पटले ने इस वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि खम्हारडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुपम नगर में दो युवक चोरी का वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सूरज यादव और पवन साहू बताया। दोनों नरदहा विधानसभा





क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने जब दोनों से कड़ाई से पूछताछ की, तो युवकों ने अपना गुनाह कबूल लिया और अपने गैंग के बारे में जानकारी दी। इसके बाद इन युवकों की निशानदेही पर गैंग के अन्य सदस्य प्रकाश यादव उर्फ राजा निवासी ग्राम नरदहा भाटापारा, दुर्गेश कुमार साहू निवासी गोकुल नगर गुढ़ियारी, हितेंद्र कुमार साहू निवासी रामनगर गोपालनगर गुढ़ियारी तथा किशन यादव निवासी भाटापारा नरदहा विधानसभा को भी गिफ्तार किया गया। बताया गया कि सूरज और पवन वाहन चुराने का काम करते थे, वहीं प्रकाश और दुर्गेश चोरी के वाहन का रंग व नंबर प्लेट बदलने के साथ मोडिफाइड किया करते थे। इसके बाद वाहन को बेचा करते थे। आरोपियों से हितेंद्र और किशन ने चोरी की कई गाड़ियां खरीदी हैं। पुलिस ने इन दोनों को चोरी का वाहन खरीदी मामले में गिरफ्तार किया है।

### प्रोफेशनल तरीके से चुराते थे वाहन

वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए गिरोह के सदस्य चाबी का इस्तेमाल नहीं करते थे, बल्कि वाहन के हैंडल लॉक को पैर से मारकर तोड़ा करते थे। इसके बाद तार के जरिए स्विच वायर को डायरेक्ट कर वाहन को स्टॉर्ट कर चोरी कर ले जाते थे। वाहन चोर की इस तकनीकी को देखते पुलिस ने आशंका जताई है कि यह गिरोह प्रोफेशनल है और इससे पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया होगा। पुलिस ने संभावना जताई है कि पूछताछ में चोरी की वारदातों के और कई खुलासे हो सकते हैं।

### फर्जी कागजात बनाकर गांव में बेचा करते थे वाहन

चोरी के वाहन को मोडिफाइड करने के बाद आरोपी उसे बेच दिया करते थे। बताया गया कि ज्यादातर चोरी के वाहन आरोपियों ने गांव में बेचे हैं। इसके लिए आरोपी गाड़ियों का फर्जी कागजात भी बनवाते थे। पुलिस ने इस मामले में धारा 379 भादवि., 318/24 धारा 303(2) बीएनएस एवं 330/24 धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कोचिंग सेंटर में सुधार की मांग, छात्रों ने कहा- भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिक्षा का बाजारीकरण करने और दुर्व्यस्था का आरोप, स्थानीय प्रशासन से जांच की अपील

दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना के बाद छत्तीसगढ़ में भी छात्रों ने सुरक्षा की मांग करनी प्रारंभ कर दी है। छात्रों की मांग है कि प्रदेश के कोचिंग सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं की जांच कराई जाए तथा जहां मानकों के अनुसार व्यवस्था ना हो, वहां संचालन बंद किया जाए। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। छात्रों का आरोप है कि प्रदेश में अनेक ऐसी निजी कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जो शिक्षा के बाजारीकरण को बढ़ावा दे रही हैं



और छत्तीसगढ़ के भोले-भाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ कर रही हैं। छात्रों का कहना है कि निजी कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का झांसा दिया जाता है। फीस के नाम पर मोटी धनराशि ली जाती है, लेकिन छात्रों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। छात्रों का कहना है कि कोचिंग संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली फीस को लेकर भी नीति निर्माण किया जाए, जिससे गरीब छात्रों को सुविधा मिल सके।

### एक कक्षा में सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं एक ही शिक्षक

इन कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षक भी नहीं हैं। एक ही शिक्षक सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं। इस कारण छोटी-छोटी कक्षाओं में थोक में छात्रों को बैठाया जाता है। छात्रों ने कोचिंग संस्थानों में शिक्षक एवं छात्रों का अनुपात सुनिश्चित करने मांग की है। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण, पर्याप्त निकास द्वार एवं आपातकालीन द्वार भी उपलब्ध कराने कहा गया है। पार्किंग, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की भी मांग छात्रों द्वारा की गई है। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव मेहताब हुसैन सहित वैभव मुजेवार, शेख इमरान, मिहिर शर्मा, मिहिर भंसाली, प्रतिक ध्रुव, लक्की साहू, सुभम वर्मा, हर्ष नमन,सरफराज रिजवी उपस्थित रहे।

## एक वार्ड ऐसा भी, जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत जीरो



- विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद आकाश तिवारी शिविर में रहे मौजूद

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में आम जनता की मूलभूत समस्या के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के सेवा सदन सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसमें बिजली, पानी और सफाई की एक भी शिकायत नहीं मिली। वार्ड में नई सड़क और नाली निर्माण के 9 प्रस्ताव आए हैं। शहर में नगर निगम एक ऐसा वार्ड भी है, जिसे जीरो समस्या वाला वार्ड माना गया। जनसमस्या निवारण शिविर में इस वार्ड से एक भी शिकायत नहीं मिली, बल्कि 9 प्रस्ताव नए नाली निर्माण और सड़क निर्माण के आए हैं। एक आवेदन नल कनेक्शन के लिए दिया गया। शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य आकाश मिश्रा लोगों की सहायता के लिए शिविर में पहुंचे थे। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में आयोजित शिविर में 25 लोगों को राशनकार्ड बनाकर दिया गया। इसी तरह 15 आवेदकों ने मजदूर कार्ड के लिए आवेदन लगाये। शिविर में वार्ड पार्षद पूरे दिन वार्डवासियों का मार्गदर्शन करने मौजूद रहे। इस मौके पर अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन 4 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना शहरी की मुख्य सचिव ने की समीक्षा




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवास के निर्माण की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का आबंटन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं हेतु भारत सरकार के प्रेषित उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जीएफआर, एक्शन टेकन रिपोर्ट सहित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने दी। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के करीब 156 नगरीय-निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक हितग्राहियों द्वारा स्वयं आवास निर्माण (बीएलसी) के अंतर्गत 937 परियोजनाओं में एक लाख 50 हजार 898 आवास स्वीकृत किए गए है। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु एस., विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य शामिल हुए।

# सरिया दस हजार और सीमेंट 60 रुपए सस्ता फिर भी डिमांड नहीं, मानसून में सारे काम बंद

## प्रदेश के साथ देश में कहीं से भी डिमांड नहीं, हजारों टन सरिया डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के कारण प्रदेश के साथ पूरे देश में सरकारी के साथ निजी निर्माण बंद हो गए हैं। यह स्थिति आने वाले करीब दो माह तक रहने वाली है। ऐसे में जहां सरिया की कीमत इस समय दस हजार रुपए कम है, वहीं सीमेंट की कीमत भी करीब 60 रुपए कम होने के बाद भी डिमांड नहीं है। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारी खाली बैठे हैं। कारोबारियों का कहना है हजारों टन सरिया डंप है। इसके अब नवरात्रि के बाद काम प्रारंभ होने पर खपत की संभावना है। मानसून में हमेशा बारिश के कारण सरकारी निमार्ण कार्यों के साथ रियल एस्टेट, निजी घरों का काम और अन्य काम पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। ऐसा होने का बड़ा असर बिल्डिंग मटेरियल पर पड़ता है। इस सीजन में खासकर सीमेंट और सरिया के दाम कम हो जाते हैं और खपत नहीं के बराबर हो जाती है।



### सरिया 47 से 52 हजार

सरिया की कीमत इस साल बहुत रही है। मानसून के पहले लोकल ब्रांडेड सरिया 62 से 64 हजार में बिक रहा था, जो अब कम होते-होते 52 हजार रुपए टन हो गया है। जहां तक लोकल सरिया का सवाल है तो इसकी कीमत 57-58 हजार रुपए टन थी जो इस समय 47 से 48 हजार रुपए टन हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक जिन बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों में रोज कई टन माल बिक जाता था, वहां एक टन की बात ही छोड़ दें, एक-दो क्विंटल माल भी नहीं बिक रहा है। कारोबारियों के यहां थोक में हजारों टन सरिया डंप हो गया है। इसके अभी लंबे समय तक बिकने की संभावना नहीं है। थोक कारोबारियों से कोई भी चिल्हर कारोबारी माल नहीं ले रहे हैं। चिल्हर कारोबारियों के यहां भी थोक में माल डंप पड़ा है।

### सीमेंट 250 से 260 रुपए

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय बीते साल दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इस साल भी मानसून में एक सीमेंट कंपनी ने कीमत में 20 रुपए का इजाफा किया था, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत कम होती चली गई। मानसून से पहले सीमेंट की कीमत 300 से 320 रुपए थी जो इस समय 250 से 260 रुपए में मिल रहा है, लेकिन कहीं एक बोरी सीमेंट का भी लेवाल नहीं मिल रहा है। सबसे ज्यादा नान ट्रेड सीमेंट सरकारी कामों में चलता है। इसकी कीमत 230 रुपए है, लेकिन सारे सरकारी काम बंद होने के कारण कोई लेवल नहीं है। सीमेंट कंपनियों ने भी कम डिमांड के कारण उत्पादन कम कर दिया है। आमतौर पर मानसून में सीमेंट और सरिया का उत्पादन बहुत कम हो जाता है।

## जेएनआरयूएम के तहत केन्द्र से मिले पैसों से निगम ने खरीदी थीं 67 सिटी बस सिटी बस

# जनता के पैसे से खरीदी सिटी बस 9 साल में कंडम, प्राइवेट बस चलती है 10 से 15 साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता से मिले टैक्स के पैसे से खरीदी गई नगर निगम की 67 सिटी बसों में से 17 बसें 9 साल में कंडम हो गईं, जबकि प्राइवेट बस 10 से 15 साल चलती है। 60 लाख की कीमत वाली एसी बस से लेकर 28 लाख की कीमत वाली नान एसी बस का हाल ये है न ये चलने लायक स्थिति में है और न ही इसका मरम्मत हो सकता है। नगर निगम इन कंडम सिटी बसों को नीलाम कराने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित शहरी सार्वजनिक यातायात समिति इस पर निर्णय ले सकती है। खस्ताहाल सिटी बसें एक अरसे से पंडरी के सिटी बस डिपो में धूल खाते पड़ी हैं।

राजधानीवासियों को किफायती व सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने केन्द्र की जेएनआरयूएम योजना के तहत रायपुर



नगर निगम ने साल 2014 के अंत में 67 सिटी बसों की खरीदी की। 60 लाख की लागत वाली 10 एसी बस और 28 लाख की लागत की नान एसी सिटी बस शामिल थी। शुरुआत में 5 साल तक नगर निगम से अनुबंधित कंपनी ने इन बसों को सफलता पूर्वक निर्धारित रूट पर संचालित किया। इसके बाद 2 साल तक कोरोनाकाल में बसों का संचालन प्रभावित रहा। कोरोनाकाल खत्म होने के बाद भी बंद पड़े सिटी बसों के संचालन के लिए टेंडर निकालने में लेटलतीफी के चलते 1 साल गुजर गया। इस अवधि में नगर निगम द्वारा खरीदी गई सिटी बसें पंडरी के डिपो में खुले आसमान के नीचे खड़ी रही।डेढ़ साल पहले 67 सिटी बसों के संचालन के लिए नगरनिगम ने टेंडर निकाला। जिसमें सिटी बस संचालन के लिए 5 साल तक की समय अवधि के लिए एग्रीमेंट हुआ। इसमें 1 करोड़ 24 लाख रुपये बस मरम्मत के लिए अनुबंधित एजेंसी को शासन की तरफ से प्राप्त हुए। पर 67 में से केवल 46 सिटी बसें अलग-अलग रूट पर संचालित हुई। बाकी के 17 सिटी बसें कंडम हो जाने से चल नहीं पाईं। यानी जनता के पैसे से खरीदे गये सिटी बस देखरेख के अभाव में चलने लायक नहीं रहे।

## बेसमेंट पार्किंग में 3 लोगों ने बना रखा गोदाम, एक की पार्किंग में लेबर क्वार्टर, निगम ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों ने टीम बनाकर मंगलवार को शहर के विभिन्न जोन में स्थित 10 हॉटलों, व्यावसायिक परिसर में बेसमेंट पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देशन में किये गये निरीक्षण में 3 स्थानों पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिला।

वहीं एक स्थान पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग को ही लेबर क्वार्टर बनाने पर संबंधित भवन स्वामी अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली में हुई कोचिंग सेंटर की अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर गौरव कुमार और



निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को 10 जोन में टीम बनाकर शहर के व्यावसायिक परिसर, हॉटलों और बेसमेंट पार्किंग का निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर निवेश विभाग की टीम ने होटल वेलिंगटन, होटल बेबीलॉन इन, होटल सतलज, होटल वॉलफोर्ट ओजोन, रहेजा टॉवर, लालगंगा मिडास बेसमेंट पार्किंग में संबंधित संचालकों को पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाने हिदायत दी। इसके साथ ही व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिलने पर भवन स्वामी हरविंदर सिंह टुटेजा, संजय अग्रवाल और भवन स्वामी विजय सुन्दरानी के अलावा व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में लेबर क्वार्टर मिलने पर अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया है।

## खबर संक्षेप




### सेवा भारती समिति के अध्यक्ष बने नागेश्वर

**रायपुर।** गोविंद नगर स्थित जागृति मंडल में गत दिनों सेवा भारती समिति छत्तीसगढ़ का द्वितीय चुनाव हुआ, जिसमें चार पदाधिकारियों एवं पांच सदस्यों के नाम का घोषणा सर्वसम्मति से की गई। इन पदाधिकारियों में भिलाई के वी. नागेश्वर राव को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष डॉ. संतोष सिंह ठाकुर बिलासपुर, सचिव वासुदेव पटेल रायपुर, सहसचिव नारद सिन्हा महासमुंद, कोषाध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल रायपुर, सदस्य में रायपुर के अभयराम कुंभकार, संजय दुबे, केशव गुप्ता आदि हैं।

### किसानों को 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों को चालू खरीफ सीजन में विभिन्न फसलों की बोनी के लिए सरकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से सुगमता के साथ प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों के 8 लाख 64 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण किए गए हैं, जो कि राज्य में बीज की मांग का 88 प्रतिशत है। गौरतलब है कि राज्य में खरीफ की विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज की कुल मांग 9 लाख 78 हजार क्विंटल है, इसके विरूद्ध 9 लाख 78 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज भण्डारण किया जा चुका है, जो कि बीज मांग का 97 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया है, जो मांग का 88 प्रतिशत है।

### राज्य में लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण

**रायपुर।** चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 39.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है।

### शिविर, 2556 आवेदन मिले, 2001 का निराकरण

**रायपुर।** जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तीसरे दिन शहर के 9 अलग-अलग वार्डो में शिविर लगाया गया। जिसमें 2,556 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 2001 आवेदन शिविर में निराकृत किये गये। यतियतन लाल वार्ड के तहत पाटीदार भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसी तरह दानवीर भामाशाह वार्ड के मिनी माता भवन, जोन 3 के कालीमाता वार्ड के पार्षद कार्यालय खपराभट्ठी में जन समस्या निवारण शिविर में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत ऋण राशि से संबंधित धनादेश वार्ड पार्षद ने हितग्राहियों को प्रदान किये। जोन 5 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर सेक्टर 2 सामुदायिक भवन और जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के कर्मा सामुदायिक भवन दिशा कालेज के सामने जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया।

# रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा के लिए मिलेंगी 240 ई-बसें

## सीएस की अध्यक्षता में कमेटी की पहली बैठक, 70.34 करोड़ रुपए के प्रस्ताव भारत सरकार को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिए बसों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान प्रदान की गई। खास बात ये है कि 240 ई बसें रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में चलाई जाएंगी।




### इन शहरों में चलेंगी बसें

शहरों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत राज्यों को शहरो के लिए जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसके संबंध में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी (एसएलएससी) की प्रथम बैठक 30 जुलाई को हुई। समिति द्वारा रायपुर हेतु 100 मिडी ई बस, दुर्ग भिलाई हेतु 50 मिडी ई बस, बिलासपुर हेतु 35 मिडी तथा 15 मिनी ई बस और कोरबा हेतु 20 मिडी तथा 20 मिनी ई बसों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बीटीएम और बस डिपोट सिविल अधोसंरचना हेतु राशि रूपए 70.34 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये जाने का अनुमोदन किया गया।

### आरामदायक होगी बस यात्रा

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। केंद्र सरकार की मंशा है कि यह योजना शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित हो ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले। ई-बस सेवा से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार तथा पर्यावरणीय संरक्षण के साथ-साथ कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता एवं आरामदायक सुखद यात्रा प्राप्त होगा। बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

## प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 3 अगस्त को आएंगे, बैठक के बाद होगा अंतिम फैसला

# अगले माह कभी भी होगा प्रमुख निगम और मंडलों में नियुक्तियों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों को लेकर जश्न की तैयारी हो रही है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 3 अगस्त को आने वाले हैं। यहां पर प्रदेश संगठन की बैठक के बाद कभी भी प्रमुख निगम, मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा में सहमति बनने की खबर है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम और मंडलों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा चुनाव आ गया और आचार संहिता लग गई। ऐसे में सभी लोकसभा चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा, ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि कुछ निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।



### इनके नाम चर्चा में

जिनके नाम चर्चा में चल रहे हैं, उनमें प्रदेश संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पहले गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष रह चुके भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री और आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, संदीप शर्मा, विकास मरकाम, अमित चिमनानी, लक्ष्मी वर्मा, सौरभ सिंह, जगन्नाथ पाणिग्रही, नीलू शर्मा के नाम प्रमुख हैं।

### कभी भी जारी हो सकती है सूची

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो बार दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। इनके एक दिन पहले ही दिल्ली से लौटने के बाद अब यह खबर आ रही है कि जल्द ही कुछ प्रमुख निगम और मंडलों में नियुक्ति की जाएगी। ऐसा होने से कार्यकर्ताओं के साथ जिनकी नियुक्ति होगी, उनमें ऊर्जा का संचार होगा और वे ज्यादा उत्साह के साथ नगरीय निकाय चुनाव में काम करेंगे। इसी के साथ बचे हुए निगम, मंडलों के लिए भी कार्यकर्ताओं में उत्साह और उत्सुकता रहेगी कि इनमें कितनी नियुक्तियां होंगी।

# चार अगस्त को छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया डीजीपी, देर हुई तो प्रभारी को जिम्मा




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चार अगस्त को नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल जाएंगे। मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल इसी दिन समाप्त होने वाला है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी को नामों का पैनल भेजा जाना है, लेकिन अगर इसमें देर हुई तो प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति की जा सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि इस पद के दावेदारों में दो वरिष्ठ अधिकारियों अरुणदेव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम की चर्चा है। यह भी कहा जा रहा है कि अंदरखाने में डीजीपी की नियुक्ति के लिए जोड़तोड़ की जा रही है।



### यूपीएससी को भेजा जाएगा पैनल

सूत्रों के अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार की ओर से यूपीएससी दिल्ली को नामों का पैनल भेजा जाना है। इसके बाद यूपीएससी द्वारा की जाने वाली डीपीसी में संभावित नामों पर विचार किया जाएगा। यह प्रक्रिया होने पर डीजीपी का नाम तय हो जाएगा, लेकिन इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि अगर यूपीएससी को नामों का पैनल भेजने में किसी भी वजह से देर हुई तो चार तारीख तक राज्य में प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति भी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि अशोक जुनेजा का कार्यकाल चार अगस्त को समाप्त होने से पहले उनका नियमित सेवाकाल पूर्व सरकार के समय से ही समाप्त हो चुका है, लेकिन सरकार बदलने के बाद भी उनकी संविदा पदस्थापना जारी रखने का फैसला किया गया था। अब यह सेवाकाल भी समाप्त हो रहा है।

### दो सेमेस्टर की फीस एक साथ, विरोध में उतरे छात्र

**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरआईटीईई महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से दो सेमेस्टर की फीस एक साथ लिए जाने का विरोध किया। एबीवीपी का आरोप है कि विद्यार्थियों द्वारा फीस का भुगतान समय पर किए जाने के बाद भी पूरे वर्ष का शुल्क शुरुआत में ही देने कहा जा रहा है। कई विद्यार्थी स्कॉलरशिप वाले हैं और स्कॉलरशिप आने से पहले किसी भी हालत में फीस देने में असमर्थ हैं। एबीवीपी ने नए नियमों का विरोध करते हुए कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश तकनीकी प्रमुख रोहन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी इसमें शामिल रहे।

## दीपक बैज ने कहा

# बृजमोहन संघ से पूछें एससी, एसटी को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाते

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से यह पूछने कि किसी एससी, एसटी, ओबीसी को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बृजमोहन सहित पूरे भाजपा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा संसद में उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों से तिलमिला जाते हैं। राहुल गांधी संसद में देश के मजदूरों, किसानों, एससी, एसटी, ओबीसी, महिला ओबीसी की आवाज बुलंद कर रहे हैं, तो भाजपा को पीड़ा हो रही है। बौखलाहट में भाजपा के सांसद अनर्गल बयानबाजी करने लगते हैं।

श्री बैज ने कहा, बृजमोहन अग्रवाल को एससी, एसटी, ओबीसी की इतनी ही चिंता है तो वे बताए, भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस में आज तक किसी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। संघ में जितने भी प्रमुख बनाए गए वे सारे के सारे रज्जू भैया को छोड़कर सभी एक ही समुदाय से क्यों थे। संघ में दूसरे समाज के लोगों को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाया जाता बृजमोहन इसका जवाब देंगे। श्री बैज ने कहा, बृजमोहन 35 सालों से रायपुर शहर दक्षिण से विधायक चुने जाते रहे हैं। अब वे सांसद बन चुके हैं। उनके सांसद बनने के बाद रायपुर दक्षिण की जो विधानसभा सीट खाली हुई है क्या बृजमोहन वहां से किसी एससी, एसटी समुदाय के व्यक्ति को भाजपा का उम्मीदवार बनाने की सिफारिश करने का साहस दिखाएंगे।



# दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में डबल लाइन से पानी अपव्यय रोकने पुरानी लाइन करेंगे डिस्कनेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में नगर निगम का जल विभाग नई व पुरानी पाइप लाइन दोनों जगहों से पानी की आपूर्ति कर रहा है। इससे एक तरफ जहां साफ पानी की बरबादी हो रही है, वहीं शहर के अंतिम छोर पर बसे इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर लोग परेशान हैं। इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को हिदायत दी है कि ऐसे चिन्हांकित इलाकों में जहां नये व पुराने पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही है, वहां पुराने लाइन को जल्द डिस्कनेक्ट किया जाये, ताकि डबल लाइन से शहर में पानी के हो रहे अपव्यय को रोका जा सके।

दरअसल, नगर निगम के 70 वार्डों में लोगों के घरों तक साफ पानी पहुंचाने नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अलग-अलग योजना के माध्यम से नई पाइप लाइन बिछाकर जल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई गई है। इसमें नगर निगम अमृत मिशन के तहत और रायपुर स्मार्ट सिटी शहर के 15 वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर 24 घंटे जल आपूर्ति करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

### इन क्षेत्रों को किया चिन्हांकित



**रविशंकर शुक्ल वार्ड का राजातालाब एरिया**

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के राजातालाब एरिया को निगम के अफसरों ने चिन्हांकित किया है, जहां नई व पुरानी पाइप लाइन दोनों जगहों से जल आपूर्ति हो रही है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने के बाद भी पुराने पाइप लाइन को अब तक डिस्कनेक्ट नहीं किया गया है। निगम आयुक्त के संज्ञान में यह बात आई है। इसके बाद उन्होंने संबंधित जोन कमिश्नर को पुरानी लाइन डिस्टकनेक्ट करने पत्र लिखा है।

**शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड का रामकुंड एरिया**

नगर निगम जोन 7 कमिश्नरी क्षेत्र अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के रामकुंड क्षेत्र में नई व पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक एक ही पाइप लाइन से संबंधित रहवासी इलाके में पानी की आपूर्ति व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि लोगों को पानी की समस्या न हो।

**ब्राह्मणपारा में डबल लाइन**

नगर निगम जोन 4 के ब्राम्हणपारा वार्ड में पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति के साथ ही नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति हो रही है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां एक से अधिक पाइप लाइन के माध्यम से पानी जा रहा है। ऐसे में पानी की बरबादी रोकने पुराने पाइप लाइन को डिस्कनेक्ट कर नई पाइप लाइन से ही पानी देने की व्यवस्था बनाई जायेगी।

**बैरनबाजार का पेंशनबाड़ा इलाका**

स्मार्ट सिटी के कमांड एरिया में शामिल बैरनबाजार क्षेत्र के पेंशन बाड़ा एरिया में डबल लाइन से पानी की सप्लाई हो रही है। पुरानी पाइप लाइन की जगह अब नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति करने जोन के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में जोन स्तर पर यह कार्य किया जायेगा। इसके अलावा फाफाडीह क्षेत्र में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है, जोन 2 कमिश्नरी को इस संबंध में हिदायत दी गई है।

## संजय श्रीवास्तव बोले

# ढेबर की धमकी कांग्रेस का अराजकतावादी चरित्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राजधानी में कांग्रेस द्वारा आहूत प्रदर्शन के दौरान रायपुर के महापौर एजाज ढेबर द्वारा अपने खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारी का नाम लेकर आत्महत्या की धमकी देने को ढेबर के बचकानेपन और कांग्रेस के नए-नए अराजकतावादी चरित्र का परिचायक बताया है।



श्री श्रीवास्तव ने कहा, ढेबर को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारियों को आत्महत्या की धमकी देकर कानूनसम्मत कार्य से रोकने के लिए इस तरह दबाव बनाना भी एक तरह का अपराध होता है, जो वह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए सरेआम इन दिनों लगातार कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, रायपुर के महापौर जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे ढेबर को अपने इस राजनीतिक आचरण पर शर्म महसूस करनी चाहिए, क्योंकि वह अच्छे से जानते हैं कि राजनीतिक आंदोलनों में इस प्रकार के मामले दर्ज होते रहते हैं। कांग्रेस के शासनकाल में तो अनेक भाजपा नेताओं पर दर्जनों मामलों में एफआईआर होती रही, जबकि ढेबर को तो प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी और जवानों से धक्का-मुक्की, झूमाझटकी करते उस दिन के वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है और इसीलिए ढेबर पर कानूनी शिकंजा कसा है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, अपने खिलाफ कानूनी कार्रवाई को रोकने के लिए ढेबर अब दबाव बनाने की बचकानी राजनीति कर रहे हैं। ढेबर को यह बात समय रहते अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए कि इस मामले में अब वह पूरी तरह अकेले पड़ गए हैं और कांग्रेस का एक भी नेता ने झूठे मुंह भी यह कहने की जरूरत नहीं समझी कि इस लड़ाई में वह ढेबर के साथ खड़े हैं और हमारे खिलाफ भी केस दर्ज किया जाए।

## डेंटल कालेज के मरीज कर रहे सीबीसीटी मशीन का इंतजार

**सीजीएमएससी लंबे समय से पूरी कर रहा खरीदी की प्रक्रिया**

# छह महीने में नहीं हो पाई खरीदी दांतों की जांच पुरानी मशीन के जरिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

एकमात्र सरकारी दंत चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उनके इलाज के लिए चिकित्सक अभी भी पुरानी एक्सरे मशीन से दांतों की जांच कर रहे हैं। इसकी खरीदी छह माह बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। सीजीएमएससी को इस मशीन की खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है जिसकी प्रक्रिया अब तक अधूरी है।

सूत्रों के अनुसार राज्य में शासकीय स्तर पर एकमात्र दंत चिकित्सालय है, जहां रोजाना चार से पांच सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। दांतों मसूड़ों से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए पहले उसकी जांच की आवश्यकता होती है जिसकी प्रक्रिया पुराने एक्सरे मशीन के माध्यम से पूरी की जा रही है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है, जिसकी वजह से एक निर्धारित अवधि में सीमित संख्या में मरीजों का इलाज हो पाता है। कालेज प्रबंधन द्वारा आवश्यकता को देखते हुए बीमारी की सटीक जांच के लिए सीबीसीटी मशीन का प्रस्ताव दिया था जिसे शासन स्तर अनुमति मिल चुकी है। इसके बाद सीजीएमएससी के माध्यम से लगभग एक करोड़ में आने वाली इस मशीन की खरीदी की जानी है।

कालेज प्रबंधन द्वारा इस संबंध में सारी औपचारिकता पूरी कर दवा कार्पोरेशन को दस्तावेज भेज चुकी है मगर उनकी ओर से खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर अब तक मशीन की सप्लाई नहीं की गई है।



**मिलने का इंतजार**

कालेज प्रबंधन अपनी ओर से सारी प्रक्रिया पूरी कर चुका है। मशीन की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है।

- डॉ. विरेन्द्र वाढेर,
प्राचार्य, शासकीय दंत महाविद्यालय

## पेज 9 के शेष

### एससीईआरटी रायपुर ...

गार्गी मैडम के माध्यम से समस्त बच्चों का अवलोकन किया गया। इस दौरान यह पाया गया कि बच्चे कक्षा के अनुरूप और साथ ही साथ संबंधी शिक्षक द्वारा बच्चों के पठन पाठन में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संकुल समन्वयक ईश्वरी साहू ने मधु दानी के निर्देश अनुसार एससीईआरटी की वेबसाइट में लॉगिन कर डेश बोर्ड मॉनिटरिंग द्वारा बालवाड़ी का अवलोकन किया। मधु दानी ने ईश्वरी साहू को बालवाड़ी का अवलोकन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस अवलोकन कार्य में संस्था के प्रधान पाठक सहित संकुल समन्वयक शिक्षक उपस्थित थे। मधु दानी ने शाला में संलग्न आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ भी गतिविधि की। पीके टिकरिहा प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका, संजय कुमार कश्यप प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कंडरका, रागिनी शर्मा, देव कुमारी गायकवाड, सुरेश कुमार वर्मा, कांति नागे और स्टाफ के सभी सदस्य इस दौरान शाला में उपस्थित रहे।

### स्टील व मिट्टी के ...

पर्यावरण प्रदूषित होने से बचेगा : नरेंद्र वर्मा : भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि गांव के वातावरण को साफ-स्वच्छ बनाए रखने के लिए समिति के सदस्यों ने यह बर्तन बैंक खोला है, ताकि पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बचा रहे।डिस्पोजल के बर्तनों का अत्याधिक प्रयोग होने से न केवल गंदगी फैलती है बल्कि इन बर्तनों के प्रयोग के बाद कुछ लोगों द्वारा इन्हें जला दिए जाने से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। **पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अच्छा कार्य है** : धनेश्वरी: इस संबंध में ग्राम पंचायत बारगांव की सरपंच धनेश्वरी चंदेल ने कहा कि समिति ने निशुल्क बर्तन बैंक खोलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अच्छा कार्य किया है। इस बर्तन बैंक से प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने डिस्पोजल बर्तनों का प्रयोग कम हो रहा है। डिस्पोजल के बर्तनों से शहर में गंदगी फैलती है और पर्यावरण प्रदूषित होता था। लोगों को डिस्पोजल से बने बर्तनों की जगह स्टील के बर्तनों का प्रयोग करना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को निशुल्क दिया जा रहा गैस कनेक्शन

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सरकार द्वारा चिन्हित हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण किया जा रहा है। ओम साईं एचपी गैस एजेंसी डौंडी लोहारा के संचालक महेंद्र जायसवाल ने बताया कि योजना के तहत शासन से दी जाने वाली सामग्री 990 रुपए का स्टोव, 100 रुपए पाइप, भरा गैस सिलेंडर व रेगुलेटर दिया जाता है, जिसके एवज में शुल्क नहीं लिया जाता। ग्राहक की मांग व सहमति पर अन्य चूल्हे के लिए अंतर की राशि ली जाती है। उन्होंने बताया कि ग्राहक चूल्हा बदलकर अधिक कीमत का चूल्हा या अन्य सामान जैसे लाइटर, ट्राली की मांग पर 990 रुपए वाले व दूसरा चूल्हा के कीमत की अंतर की राशि ली जाती है। इसके लिए कंपनी के फार्मेट में ग्राहक का सहमति पत्र लिया जाता है। इस मामले में भाजपा ने एसडीएम शिवनाथ बघेल को इसकी लिखित शिकायत कर अधिक पैसे लेने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। अब मंडल अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने एसडीएम के नाम पत्र सौंपकर शिकायत को वापस लेने की बात कही है।

### माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में मनाई गई मुंशी प्रेमचन्द की जयंती

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में बुधवार को मुंशी प्रेमचन्द की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हिंदी सहायक प्राध्यापक डॉ.लीना साहू ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द का साहित्य आज भी जीवंत है। उन्होंने बच्चों को मुशी प्रेमचन्द साहित्यिक कृति और भारती साहित्य में उनके स्थान को भी बताया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ.आशा रानी दिल्लीवार ने कहा कि प्रेमचंद की साहित्य से हम जीवन जीने कला सीख सकते हैं और साहित्य का क्या रूप होना चाहिए, ये उनकी कृति पर झलकता हैं। सहायक प्रध्यापक डिगेन्द्र साहू ने कहा कि एक अच्छे जीवन और सफ़लता प्राप्त करने के लिए अच्छी भाषा शैली का होना अनिवार्य है। अगर हमको अच्छी भाषा शैली सीखनी है, तो हमे अच्छे साहित्य को पढ़ना चाहिए, जो हमें प्रेमचंद जी की कहानी और उपन्यास में मिलता है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक कांक्षी लता साहू, सहायक प्राध्यापक हेमन्त साहू, घनश्याम साहू, टिकेश्वरी साहू, तुलसी साहू, खिलेश्वरी कोसरे, सुभाष सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### चेन स्नेचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** महिलाओं से चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 7 चेन स्नेचिंग के मामलों में बजरंग पारा हथखोज निवासी भरत गुप्ता उर्फ राहुल को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक में घूम-घूमकर चेनस्नेचिंग करता था। सीसी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर टीम आरोपी तक पहुच पाई। भरत से पूछताछ करने पर बताया कि 6 माह पूर्व में माह जनवरी में थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र से बाइक को चेन स्नेचिग करने के लिए चोरी करना स्वीकार किया। फरवरी में थाना नेवई मैत्रीकुंज में टहल रही महिला के गले से सोने की चेन लूटना साथ 4 घटना को नेवई थाना क्षेत्र में अंजाम देना स्वीकार किया। 1 सप्ताह पूर्व मोहन नगर क्षेत्र में सिंथिया नगर से भी एक महिला के साथ घटना को अंजाम देना पुलिस को बताया।

## आयोजन : विकास खण्ड स्रोत समन्वयक ने शिक्षकों को किया प्रेरित

# बच्चों के मन से अंग्रेजी का डर दूर करने उपयुक्त वातावरण बनाएं : खोमलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बीआरसी भवन बेरला में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य स्रोत व्यक्ति भागवत प्रसाद बानी, इरफान, अनु राजन के माध्यम से संपन्न किया जा रहा है।

■ बीआरसी भवन बेरला में शिक्षकों को दिया जा रहा है स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण

यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के निर्देशानुसार और विकास खण्ड स्रोत समन्वयक खोम लाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षण के प्रथम दिवस से लेकर आज तृतीय दिवस तक प्रातः 10:00 बजे से लेकर 5 बजे तक प्राथमिक शिक्षकों के अंग्रेजी भाषा क्षमता विकास एवं स्पोकन इंग्लिश के समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एसआरजी भागवत प्रसाद बानी ने फाइंडिंग योर ट्विन, ब्लेइंड क्रिएचर, फ्लुएंसी इन स्पीकिंग इंग्लिश, जॉश ओफ डेथ, प्रेजेंटिंग एडवरटाइजमेंट, कल्चरल एक्टिविटीज, शेयरिंग रेसिपीज आदि गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा सीखने का कौशल की जानकारी प्रदान की। इरफान ने लिंकर शब्द, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ हेल्पिंग वर्ब्स, डिफरेंट स्ट्रक्चर ऑफ़ स्पोकन इंग्लिश, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ आई टी जैसे बिंदुओं पर अपनी प्रस्तुति प्रदान की। अन्नू राजन ने सेल्फ इंट्रोडक्शन ट्रिक, प्रीपोजिशन, उसे ऑफ़ 'द' विद ट्रिक जैसे महत्वपूर्ण ग्रामेटिकल बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किए। एवं साथ ही साथ गेसिंग गेम, वॅटीवर स्पीक नॉन स्टॉप, सिचुएशन कन्वर्सेशन, स्टोरी ऑफ़ माय लाइफ आदि बिंदुओं के माध्यम से अंग्रेजी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रेजेंटेशन बाय ग्रुप में क्रिएटिविटी सहित विभिन्न तरीकों से अंग्रेजी भाषा सीखने के कौशल पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण विकासखंड स्रोत केंद्र बेरला में दिया जा रहा है जिसमें बीआरसी खोमलाल साहू ने सभी शिक्षकों को बताया कि किस प्रकार से राज्य शासन के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण करने हेतु विभिन्न प्रकार के आयाम निर्धारित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत हम सभी शिक्षकों को भी अपने विद्यालय में अंग्रेजी के डर को खत्म करते हुए बच्चों को एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण करते हुए उन्हें अंग्रेजी जैसे मुख्य विषय पर फोकस करने हेतु एक वातावरण निर्माण करने हेतु जानकारी प्रदान किया गया।



**स्कूल के बच्चों को मिलेगा शिक्षकों के प्रशिक्षण का लाभ**

सभी शिक्षकों ने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में इस ट्रेनिंग के माध्यम से जो हमने सीखा उनको अपने विद्यालय में प्रदान करेंगे और विद्यालय का वातावरण ऐसा निर्माण करेंगे कि हमारे ग्रामीण बच्चे भी वार्तालाप अंग्रेजी में कर सकें। शिक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया कि आपके साथ-साथ जो आपके विद्यालय में अन्य शिक्षक है उनको भी इनकी बारीकियां के बारे में जानकारी को आप साझा करेंगे। सभी शिक्षक एक साथ मिलकर विद्यालय को इंग्लिश मय बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उक्त प्रशिक्षण में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश करमाकर, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अधेश उइके, नारायण ठाकुर सहित पूरे विकासखंड के 50 शिक्षक अपनी उपस्थिति प्रदान कर रहे हैं।

## परपोड़ा स्कूल की 24 छात्राओं को मिली साइकिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

सरस्वती सायकल योजना से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परपोड़ा की छात्राएं लाभान्वित हुईं। विकासखण्ड बेरला के अन्तर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय परपोड़ा में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति परपोड़ा व जनप्रतिनिधिगण ने कक्षा नवमीं की 24 छात्राओं को सायकल वितरण किया।

मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओं के लिए सरस्वती सायकल योजना चला रही है। यह योजना के तहत नवमीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमू साहू ने कहा कि इस योजना के तहत सायकल प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए शासन से मिले उपहार उनकी आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय से दूर रहने वाली और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की बेटियों के लिए यह योजना के बड़ा वरदान है। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम शिवारे, उपसरपंच डोमन साहू, समिति सदस्य दुर्गा राम शिवारे, हेमू साहू एसएमडिसी, बीएल कुर्रे संस्था के प्राचार्य, शिक्षक गण टी आर ठाकुर व्याख्याता, जे.एल पारधी, दिव्या देवांगन, माया जयन, महेंद्र साहू, बेलचंदन, पायल राजपूत, पायल शर्मा, प्यारे लाल साहू, मुकेश साहू सहित नवमीं की सभी छात्रा मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से असाक्षरों को पढ़ने के लिए किया गया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में उल्लास कार्यक्रम के तहत असाक्षरों को पढ़ने हेतु प्रेरित करने के लिए शाला के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें शिक्षा के महत्व को बता कर सभी असाक्षरों से पढ़ने हेतु अनुरोध किया गया। नाटक में बच्चों ने यह संदेश दिया कि बिना शिक्षा के जीवन में हमें बहुत सी समस्या का सामना करना पड़ता हैं। शिक्षा के अभाव में बहुत अधिक हानि उठानी पड़ सकती हैं। नाटक के माध्यम से बच्चे बताए कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। हमें जब भी मौका मिले ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए। क्योंकि शिक्षा व्यर्थ नहीं जाता। इस नाटक को लावण्या, पवन, बजरंग, कुन्ती, रोहन, यश, मीरा, दीपक आदि बच्चों द्वारा शिक्षिका विधि शर्मा के मार्ग दर्शन में किया गया। स्वयं सेवी शिक्षक विशाल सेन ने भी सभी से अनुरोध किया सभी पढ़ने आए ऐसा मौका हमेशा नहीं आता। अतः सभी इसका लाभ लें शिक्षिका विधि शर्मा ने भी शिक्षा के महत्व को बताते हुए सभी को पढ़ने हेतु प्रेरित किया। शाला के प्रधान पाठक ललित निर्मलकर के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में हुआ आयोजन

## यूपीएससी की तैयारी में प्रोत्साहन राशि पाने 6 तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य एससी और एसटी के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करके उन्हें सिविल सेवा में सफल होने में मदद करना है। इस प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 अगस्त निर्धारित की गई है। योजना के तहत, चयनित अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी परीक्षा की तैयारी को और भी सुदृढ़ बना सकें। अभ्यर्थी इस योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन पत्र भरकर आयुक्त, अदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास ब्लॉक डी भूतल इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) जमा कर सकते हैं।

## पालक-शिक्षक मेगा बैठक 6 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला पंचायत में जिले के संकुल प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्रोत समन्वयकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से आगामी 6 अगस्त को होने वाली पालक शिक्षक मेगा बैठक के संदर्भ में उन्होंने बताया कि यह बैठक संकुल केंद्र अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं से युक्त स्थान पर आयोजित होगी, जिसमें संकुल के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के पालकों को आमंत्रित किया जाना है। बैठक संकुल प्राचार्य की अध्यक्षता में होगी, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पालकों से निर्धारित 12 बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में शिक्षाविदों, डॉक्टरों, मनोवैज्ञानिकों, काउंसलरों को भी आमंत्रित कर मार्गदर्शन प्राप्त करना है।

■ तैयारियों को लेकर जिपं में हुई बैठक



मेगा बैठक के निरीक्षण के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को आबंटित संकुल केंद्र के निरीक्षण हेतु कलेक्टर महोदय के द्वारा निर्देशित किया गया है। साथ कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति भी गठित की गई है। बैठक में पाठ्यपुस्तकों के वितरण, शाला भवन, मध्यान्ह भोजन, जाति प्रमाणपत्र, शाला निरीक्षण, छात्रवृत्ति, ऑनलाइन अवकाश, इंस्पायर एवार्ड सहित अनेक विषयों पर भी जानकारी दी गई। सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इसके लिए वातावरण निर्माण करने के लिए समस्त प्राचार्यों से अनुरोध किया। जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, एमआई एस प्रशासक के वर्मा ने भी विभिन्न जानकारी प्रदान की। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उल्लास शपथ दिलाई गई।

## झड़ी थमने के बाद खिली धूप, दूसरे दिन फिर बारिश, बदलते मौसम में बिगड़ने लगी सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दस दिनों तक बादल छाए रहने और रुक रुककर हुई बारिश के बाद मंगलवार को बादल साफ होते ही सूर्यदेव के दर्शन हुए। कुछ देर धूप के बाद शाम होते ही मौसम में फिर से परिवर्तन हो गया और घने बादल छाए रहने के बाद बुधवार को सुबह अच्छी बारिश हुई।

वहीं, पानी थमने के बाद जिले में बारिश का असर दिखाई देने लगा है। जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में डायरिया फैलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। ग्राम सिकोसा में लगभग 30 से अधिक मरीज डायरिया की चपेट में आ चुके हैं, तो वहीं बारिश के इस मौसम में सर्दी-खांसी के अलावा बुखार, बदन दर्द, उल्टी-दस्त व पेट से जुड़ी हुई समस्याओं की शिकायत लेकर लोग हॉस्पिटल का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, रुक रुककर हो रही बारिश से शहरी क्षेत्रों में जहां जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है, तो वहीं ग्रामीण इलाकों में नदी नालों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि खेतों में लबालब भरे पानी को बाहर निकालने का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है। वहीं, छोटे नदी नालों का जलस्तर कम होने लगा है।

**दस दिनों तक पानी में डूबे रहने से फसल खराब :** भारी बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान जिले के किसानों को हुआ है। बारिश का पानी खेतों में लबालब भरा हुआ था। लगातार बारिश होने से किसान अपने खेतों में भरे पानी को बाहर नहीं निकाल पाए, लेकिन बीते 2–3 दिनों से बारिश का सिलसिला कम होने के बाद किसान अब खेतों से पानी को बाहर निकालने में जुट गए हैं।

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 900 से अधिक बालिकाओं के खोले गए खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सुरक्षित निवेश योजना है। इस योजना के अंतर्गत, माता-पिता या अभिभावक अपनी बेटी के नाम से एक खाता खोल सकते हैं, जिसमें वे नियमित रूप से धनराशि जमा कर सकते हैं। यह योजना न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है बल्कि उच्च ब्याज दर और कर लाभ भी प्रदान करती है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा एवं भारतीय डाक विभाग के समन्वय से सम्पूर्ण बेमेतरा जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की जा रही हैं और खाते खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है।




ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि 30 जुलाई 2024 तक 10 वर्ष उम्र तक के पात्र 933 बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत खाता खोला गया एवं बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया साथ ही महतारी वंदन योजना के लिए खाता भी खोले गए।

अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा एवं अपने निकटतम डाकघर से सम्पर्क करें।

## फेडरेशन ने किया अगस्त क्रांति का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो लेकर रहिबो,मोदी की गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है।

संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में 4 सूत्रीय मांग को लेकर बेमेतरा जिला के कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले समस्त संगठन के कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने के मुद्दा शामिल है। फेडरेशन के महासचिव नानक साहू ने बताया कि अगस्त क्रांति में जिला संयोजक अश्वनी बनर्जी, महासचिव नानक साहू, उपसंयोजक बलदाऊ पटेल, चेतन बंजारे, जी एल खुट्यारे, नलेश्वर साहू, नागेन्द्र शर्मा, के एस पर्ते, सेउक राम साहू , हिरेन्द्र सिन्हा, धर्मेन्द्र शर्मा, सनत वैष्णव, राजेन्द्र झा, भूपेंद्र राजपुरोहित, बबलू चंदेरिया, विजय टंडन, मोतीलाल ठाकुर, बिरेन्द्र यादव, विनीत ठाकुर एवं समस्त संगठन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हुई अहम बैठक

# बेमेतरा नगर पालिका के सभी 21 वार्डों में प्रत्याशी उतारेगी शिवसेना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर शिवसेना की अहम बैठक बेमेतरा में हुई। बैठक में बेमेतरा नगर पालिका के सभी 21 वार्डों में शिवसेना के प्रत्याशी उतारने के लेकर विशेष चर्चा की गई।

प्रभारी दाऊ राम चौहान ने बताया कि जिले के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कांग्रेस शासन से लेकर अभी तक अच्छी सड़कें, नाली निर्माण व साफ सफाई कार्य नहीं हुआ है और ना ही बरसात में पालिका प्रशासन के द्वारा नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाता है। बरसात में नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सीधा आमजन के घरों में जा रहा है, जिसके चलते जनता काफी परेशान हैं। वहीं पर वार्ड के पार्षद भी निष्क्रिय रूप से बैठे हुए हैं। पार्षदों ने आम जनता के समस्याओं के प्रति कोई ध्यान नहीं दिय है। विगत भीषण गर्मी में जनता फिल्टर पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान फिल्टर प्लांट से पेयजल देने की बात कही गई थी। लेकिन आज लगभग 9 से 10 वार्डों में 10 वर्षों बीतने के बाद भी फिल्टर पानी उपलब्ध हो सका। विगत नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी खड़ा कर अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए एक दूसरे पार्टी के पार्षदों खरीद-फरोख्त कर अध्यक्ष की कुर्सी में बैठकर आराम फरमाया है।

किसी को जनता से कोई लगाव नहीं। इन्हीं सभी स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी ने जनहित में सभी वार्डों में प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नरेंद्र शर्मा बेमेतरा विधानसभा प्रभारी, लूकेश वर्मा बेमेतरा ब्लाक अध्यक्ष, सुंदर पाठक नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष, सनत कुमार रात्रे नवागढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष, अजय कुमार धुर्वे, रूपेश कुमार , विष्णु, नरेंद्र सिंह आदि बैठक में उपस्थित रहे।

